**Seventeenth Loksabha**

an>

Title: **Need to take steps to acquire land around Rabda village situated in west Delhi parliamentary constituency and develop it as bird sanctuary.***h

**श्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा (पश्चिमी दिल्ली):** अध्यक्ष जी, मैं आपका ध्यान एक बहुत ही महत्वपूर्ण विषय की ओर दिलाना चाहता हूं। मेरे लोक सभा संसदीय क्षेत्र में राबदा गांव है, जहां पर कई वर्षों से पानी भरा हुआ है। वहां की 100 एकड़ से ज्यादा जमीन हमेशा पानी में डूबी रहती है, वहां झील बनी रहती है। चूंकि यह गांव हरियाणा से सटा हुआ है तो हरियाणा से भी पानी की कई लाइनें वहां आती हैं। यहां की जो जमीन है, उसका स्तर काफी नीचे है। जब बारिश आती है तो उसके आस-पास के क्षेत्र जैसे राघोपुर, बड़ुसराय, नाना खेड़ी, शिकारपुर, झटीकरा, दौराला गांवों में भी 800 एकड़ से ज्यादा जमीन में पानी भरा रहता है। हमने दिल्ली सरकार को इसके लिए कई बार कहा, लेकिन यहां पर कोई भी ड्रेनेज की व्यवस्था वे नहीं कर पाए। यह दिल्ली सरकार के फ्लड डिपार्टमेंट का, दिल्ली सरकार के जल बोर्ड डिपार्टमेंट का, जिसके चेयरमैन खुद दिल्ली के मुख्य मंत्री केजरीवाल जी हैं, यह उनका काम है। कल हमने देखा कि …..* जी ने किसानों के ऊपर इतना बड़ा …….* किया और दिल्ली में उन्होंने किसानों को अभी तक उसका दर्जा नहीं दिया। दिल्ली में एम.एस.पी. योजना लागू नहीं है।…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** आप अपने विषय पर ही बोलें।

**श्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा:** सर, मेरा यह कहना है कि वहां के सारे ग्रामीण चाहते हैं कि दिल्ली सरकार उस जमीन का अधिग्रहण कर ले। वहां के बाजार मूल्य के हिसाब से उन्हें उनकी जमीनों के भाव मिलें क्योंकि वहां पर वे लोग खेती नहीं कर पाते, वे अपने बच्चों का पालन-पोषण नहीं कर पाते।

महोदय, यहां पर हमारे शहरी विकास मंत्री हरदीप पुरी जी बैठे हैं। अभी उन्होंने कॉलोनियों को इतना बड़ा तोहफा दिया। हमारे 80 से ज्यादा गांवों को अर्बनाइज्ड घोषित किया। दिल्ली सरकार अपने डी.डी.ए, दिल्ली जल बोर्ड, फ्लड डिपार्टमेंट और हरियाणा सरकार के साथ एक मीटिंग बुला ले। वहां पर कोई बर्ड सैंक्चुअरी बने। वहां पर कोई वाटर रिजरवॉयर बने, ताकि आस-पास के क्षेत्र में भी जो पानी बर्बाद हो रहा है और वहां के लोग उसके कारण भूखे-प्यासे मर रहे हैं, उन्हें उसका उचित मुआवज़ा मिल सके। वहां पर बारिश के कारण जो डिजास्टर मैनेजमेंट की तरफ से मुआवज़ा मिल जाता है, मगर वहां जो झील बनी हुई है, इसका कोई मुआवज़ा नहीं मिलता।

मेरा सारे डिपार्टमेन्ट्स से यह कहना है, यहाँ पर हमारे मंत्री जी बैठे हैं, कृपया वहाँ पर आप एक बैठक बुला लें। आप दिल्ली सरकार से कहें कि उस जमीन का अधिग्रहण किया जाए और वहाँ पर एक बर्ड सैंक्चुअरी बनाई जाए।

**माननीय अध्यक्ष :**

श्री कुलदीप राय शर्मा को श्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।